# नकली डॉबर आंवला तेल पकड़ाया, एक गिरफ्तार

Publish Date:Tue, 12 Mar 2019 07:01 PM (IST)

90 एमएल की 425 बोतल नकली डॉबर आंवला तेल, बोतल में लगाने को 125 स्टिकर बरामद हलसी के रामेश्वर मांझी को स्टीकर लगाने के लिए रैकेट सरगना दे दिया था तेल की बोतल

डॉबर इंडिया लिमिटेड कंपनी के जांच पदाधिकारी ने पकाड़ा, हलसी थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी

संवाद सूत्र, हलसी (लखीसराय) : लखीसराय जिले के हलसी प्रखंड मुख्यालय से पुलिस ने 90 एमएल की 425 बोतल नकली डॉबर आंवला तेल बरामद किया है। पुलिस ने तेल के बोतल में लगाने के लिए 125 स्टीकर भी बरामद की है। मौके पर से स्थानीय निवासी रामेश्वर मांझी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई डॉबर इंडिया लिमिटेड कंपनी के जांच पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह की सूचना पर उक्त कार्रवाई की। रामेश्वर मांझी हलसी प्रखंड मुख्यालय स्थित लखीसराय-सिकंदरा मुख्य सड़क के किनारे महादलित टोला स्थित अपने घर और घर के आगे अपनी गुमटी की दुकान में डॉबर आंवला तेल की बोतल में स्टीकर लगाने का काम कर रहा था। इसकी पुष्टि हलसी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा ने की है। उन्होंने बताया कि सोमवार को देर शाम डॉबर इंडिया लिमिटेड कंपनी के पदाधिकारी मधुबनी जिला निवासी रंजीत कुमार सिंह के अनुशंसित आवेदन पर उक्त कार्रवाई की गई। रामेश्वर मांझी के घर से प्लास्टिक युक्त 90 एमएल की 425 बोतल नकली डॉबर आंवला तेल के साथ उस बोतल में लगाने के लिए रखे 125 स्टीकर बरामद किया गया। जांच पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर रामेशवर मांझी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। उधर रामेश्वर मांझी ने पुलिस को बताया कि दो माह पूर्व एक व्यक्ति ने दो बोरा में आंवला तेल की बोतल देकर उसमें स्टीकर लगाने के लिए सौदा किया। उसने स्टीकर लगाने के एवज में प्रत्येक बोतल तीन रुपये मजदूरी देने की बात कही थी। वह उसे नहीं पहचानते हैं। उसने कहा था कि जिस दिन काम पूरा हो जाएगा उस दिन दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन करने से कोई आदमी आएगा मजदूरी भी दे देगा और तेल की बोतल भी ले जाएगा।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/lakhisarai-lakhisarai-news-19037542.html